# पितृपक्ष के दौरान पश्चिम मध्य रेल से स्पेशल ट्रेनों की 18 सेवाएं चलेंगी

जबलपुर 19 अगस्त। रेल प्रशासन द्वारा श्राद्धपक्ष के अवसर पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए पितृपक्ष स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु रानी कमलापति-गया-रानी कमलापति, जबलपुर-गया-जबलपुर एवं सोगरिया-गया-सोगरिया के मध्य पितृपक्ष स्पेशल ट्रेनों की 18 सेवाएं चलाने का निर्णय लिया है। इन स्पेशल ट्रेनों में वातानुकूलित श्रेणी, शयनयान श्रेणी एवं सामान्य श्रेणी के कोच रहेंगे। इन पितृपक्ष स्पेशल ट्रेनों का विवरण इस प्रकार है :-

**रानी कमलापति-गया-रानी कमलापति पितृपक्ष स्पेशल ट्रेन (03-03 फेरे)**

01661 पितृपक्ष स्पेशल ट्रेन दिनांक 07.09.2025, 12.09.2025 एवं 17.09.2025 को दोपहर 13:20 बजे रानी कमलापति से प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 09:30 बजे गया पहुँचेगी। (03 सेवाएं)
01662 पितृपक्ष स्पेशल ट्रेन दिनांक 10.09.2025, 15.09.2025 एवं 20.09.2025 को दोपहर 14:15 बजे गया से रवाना होगी और अगले दिन सुबह 10:45 बजे रानी कमलापति पहुंचेगी। (03 सेवाएं)

**ठहराव :-** भोपाल, विदिशा, गंजबासौदा, बीना, सागर, दमोह, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्ज़ापुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम, देहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड।

**जबलपुर-गया-जबलपुर पितृपक्ष स्पेशल ट्रेन (03-03 फेरे)**

01705 पितृपक्ष स्पेशल ट्रेन दिनांक 09.09.2025, 14.09.2025 एवं 19.09.2025 को रात 19:35 बजे जबलपुर से प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 09:30 बजे गया पहुँचेगी। (03 सेवाएं)
01706 पितृपक्ष स्पेशल ट्रेन दिनांक 08.09.2025, 13.09.2025 एवं 18.09.2025 को दोपहर 14:15 बजे गया से रवाना होगी और अगले दिन भोर 04:15 बजे जबलपुर पहुंचेगी। (03 सेवाएं)

**ठहराव :-** सिहोरा रोड, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, भभुआ रोड, सासाराम, देहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड।

**सोगरिया-गया-सोगरिया पितृपक्ष स्पेशल ट्रेन (03-03 फेरे)**

09817 सोगरिया से गया पितृपक्ष स्पेशल ट्रेन प्रत्येक शनिवार को दिनांक 06 सितम्बर से 20 सितम्बर तक सोगरिया स्टेशन से रात 23:10 बजे प्रस्थान कर अगले दिन रविवार को 23:45 बजे गया स्टेशन पहुंचेगी। (03 सेवाएं)
09818 गया से सोगरिया पितृपक्ष स्पेशल ट्रेन प्रत्येक रविवार को दिनांक 07 सितम्बर से 21 सितम्बर तक गया स्टेशन से मध्यरात्रि 01:15 बजे प्रस्थान कर मंगलवार को मध्यरात्रि 01:10 बजे सोगरिया पहुंचेगी। (03 सेवाएं)

**ठहराव :-** बारां, सालपुरा, छबरा गुगोर, रूठियाई, गुना, अशोकनगर, सागर, दमोह, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय, सासाराम, डेहरी आन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड़।

रेलयात्री किसी भी कंप्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र या ऑनलाइन आईआरसीटीसी की वेबसाइट से इस स्पेशल ट्रेन की आरक्षण सुविधा का लाभ उठा सकते है।

स्पेशल ट्रेनों के ठहराव के विस्तृत समय-सारिणी के लिए कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं या NTES ऐप डाउनलोड करें।

---

संख्या : पमरे/मुख्या/मुजसअधि/प्रेस विज्ञप्ति/309/2025 दिनांक 19.08.2025

सम्माननीय संपादक, कृपया जनहित में उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सहयोग प्रदान करें।

मुख्य जनसंपर्क अधिकार
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर